अवसर निवास अधिकार के नए प्राप्तकर्ताओं के लिए सूचनापत्र

[Kopfbogen der Ausländerbehörde]

प्रिय महोदया,

प्रिय महोदय,

आपके आवेदन पर आपको निवास की अनुमति (Aufenthaltserlaubnis) दी गई है। यह निवास का तथाकथित अवसर निवास अधिकार (Chancen-Aufenthaltsrecht) है। यह निवास अधिनियम (Aufenthaltsgesetz) की धारा 104 सी (§ 104c) में विनियमित है।

आपको 18 महीने के लिए अवसर निवास अधिकार प्राप्त होगा। यह वह समय है जो आपको अनुमत निवास की एक और अनुमति को प्राप्त करने की शर्तों को पूरा करने के लिए उपलब्ध हैं। इन 18 महीनों की समाप्ति से पहले आपको एक और निवास अनुमति के लिए आवेदन करना होगा। यह नया अनुरोध सिर्फ तब ही स्वीकार किया जाएगा जब आप इस सूचनापत्र में बताई गयी शर्तों को पूरा करेंगे।

इस 18 महीने की अवधि को बढ़ाना संभव नहीं है। आपको अभी इसीलिए सूचित किया जा रहा है कि विलंबतम आपके निवास के अधिकार की समाप्ति से पहले आपको आगे रहने के लिए किन शर्तों को पूरा करना होगा।

## 1. स्वतंत्र लोकतांत्रिक संविधान के प्रति प्रतिबद्धता

आपको जर्मनी के संघीय गणराज्य के स्वतंत्र लोकतांत्रिक संविधान के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। स्वतंत्र लोकतांत्रिक संविधान जर्मनी में बहुत ही बुनियादी राजनीतिक व्यवस्था है। इसमे यह भी शामिल है

क) चुनावों और जनमतगणनाओं में और विशेष विधायी, कार्यकारी और न्यायिक संस्थाओं के माध्यम से और सामान्य, प्रत्यक्ष, स्वतंत्र, समान और गुप्त चुनावों में जनप्रतिनिधियों का चुनाव करने का जनता का अधिकार,
ख) संवैधानिक व्यवस्था के प्रति कानून का बंधन और कार्यपालिका और न्यायपालिका का कानून और न्याय के प्रति बाध्य होना,
ग) संसदीय विपक्ष बनाने और उसका प्रयोग करने का अधिकार,
घ) सरकार का बदलाव और जनप्रतिनिधियों के प्रति उसकी जिम्मेदारी,
ङ) अदालतों की स्वतंत्रता,
च) किसी भी हिंसक और निरंकुश शासन की अमान्यता और
छ) संविधान में गृहीत मानव अधिकार।

आपकी सक्रिय और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। आपको व्यक्तिगत रूप से संबंधित घोषणा पर हस्ताक्षर करने होंगे। आपको प्रतिबद्धता की विषय वस्तु को समझना चाहिए और मूलभाव को जानना चाहिए। यहां तक कि यदि आपने अवसर निवास अधिकार के लिए आवेदन के संबंधित घोषणापत्र पर पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, तो भी यह फिर से आवश्यक है।

यदि भविष्य में इस प्रकार के संकेत मिलते हैं कि आप इन नियमों का समर्थन नहीं करते हैं, तो आपका आगे रहना निश्चित नहीं है क्योंकि आप आगे रहने से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं। यदि आप सक्रिय रूप से अपने देश में अलोकतांत्रिक प्रशासनों या दलों का समर्थन करते हैं, तो इससे यह भी

निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आप जर्मनी में भी एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक अधारभूत प्रणाली का समर्थन नहीं करते हैं।

## 2. जर्मनी के संघीय क्षेत्र में कानूनी और सामाजिक व्यवस्था और रहने की स्थिति का बुनियादी ज्ञान

आपको यह प्रमाणित  करना होगा कि आपको जर्मनी के संघीय क्षेत्र में कानूनी और सामाजिक व्यवस्था और रहने की स्थिति का बुनियादी ज्ञान है। इस ज्ञान का प्रमाण राष्ट्रीय परीक्षा "जर्मनी में रहन सहन" („Leben in Deutschland“), संक्षेप में  एल आई डी (LiD), द्वारा प्रदान किया जायेगा। इस परीक्षा के लिए तदनुसार प्रारंभिक पाठ्यक्रम विभिन्न संस्थानों द्वारा तथाकथित अनुस्थापन पाठ्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं। कुछ मामलों में अनुस्थापन पाठ्यक्रम एकीकरण पाठ्यक्रम का हिस्सा है। संबंधित पाठ्यक्रम में भाग लिए बिना भी परीक्षा दी जा सकती है।

आप यदि प्रमाणित कर सकते हैं कि आपके पास जर्मन जूनियर माध्यमिक विद्यालय का प्रमाण पत्र है या जर्मन विद्यालय से तुलनीय या उससे ऊँचा सामान्य विद्यालय का प्रमाण पत्र है या आपने जर्मनी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कोर्स पूरा किया है या जर्मन विश्वविद्यालय की डिग्री प्राप्त की है, तो आपको एल आई डी ("LiD") परीक्षा देने की ज़रूरत नहीं है।

ज्ञान को, विशेष मामलों में, आव्रजन कार्यालय में एक व्यक्तिगत वार्तालाप द्वारा भी सिद्ध किया जा सकता है, जिसका स्तर और संरचना "जर्मनी में रहन सहन" परीक्षा के प्रश्नों पर आधारित है, जिसके लिए आपको जर्मन बोलना आना चाहिए। सभी अप्रवासी कार्यालय ऐसे व्यक्तिगत वार्तालाप की पेशकश नहीं करते हैं।

## 3. जर्मन भाषा का पर्याप्त मौखिक ज्ञान (जी ई आर (GER) स्तर A2)

अवसर निवास अधिकार से आगे निवास को जारी रखने के लिए एक और आवश्यकता यह है कि आप जर्मन भाषा में पर्याप्त रूप से मौखिक वार्तालाप कर सकते हैं।

इसके लिए मानदंड सामान्य यूरोपियन भाषाओँ के लिए सम्बंधित ढांचा (कॉमन यूरोपियन फ्रेमवर्क ऑफ रेफरेंस फॉर लैंग्वेजेज - सीईएफआर) है, जो परिभाषित करता है कि पूरे यूरोप में भाषा ज्ञान के स्तर का आकलन कैसे किया जाएगा।

सीईएफआर के ए 2 स्तर के भाषा ज्ञान का प्रमाण आवश्यक है। इस ज्ञान का प्रमाण भाषा प्रमाण पत्र के रूप में जरूरी नहीं है।

- सीईएफआर के A2 स्तर का भाषा ज्ञान प्राप्त किया माना जायेगा यदि आप
  चार साल एक जर्मन भाषा विद्यालय गए और फिर अगली उच्च कक्षा में पदोन्नत किये गए, या
- के पास एक जर्मन विद्यालय पास करने का प्रमाण पत्र (जूनियर माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय की पढ़ाई खत्म करने का प्रमाण पत्र, उच्चतर माध्यमिक पास करने का प्रमाणपत्र - अबितुर) है, या
- एक जर्मन भाषी विद्यालय में दसवीं कक्षा में पदोन्नत किए  गये, या
- ने एक विश्वविद्यालय या तकनीकी कॉलेज में एक जर्मन भाषा में पाठ्यक्रम पूरा किया या जर्मनी में कौशल प्रशिक्षण पूरा  किया या
- विदेशियों के पंजीकरण कार्यालय में अधिकारियों के साथ सफल बातचीत करने में सक्षम थे और इसके लिए किसी अनुवादक की आवश्यकता नहीं थी।

16 वर्ष की आयु तक के बच्चों और युवाओं के लिए जर्मन भाषा ज्ञान का कोई प्रमाण आवश्यक नहीं है। इस मामले में, जर्मन स्कूल से नवीनतम प्रमाण पत्र या जर्मनी में एक शिशुसदन में जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना पर्याप्त है।

भाषा ज्ञान को CEFR के A2 स्तर के उपयुक्त और विश्वसनीय भाषा प्रमाण पत्र द्वारा भी प्रमाणित किया जा सकता है (उदाहरण के लिए "अप्रवासियों के लिए जर्मन परीक्षा" (Deutsch-Test für Zuwanderer), योग्यता स्तर A2)। भाषा प्रमाणपत्र एक मानकीकृत भाषा परीक्षा पर आधारित होना चाहिए। सभी प्रमाणपत्र मान्यता प्राप्त नहीं हैं। गोएथे-इंस्टीट्यूट (Goethe-Institut), टेस्ट-डीएएफ-इंस्टीट्यूट (Test-DaF-Institut) और टेलसी जीजीएमबीएच (telc gGmbH) के प्रमाणपत्र सभी आप्रवासन प्राधिकरणों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

आपको अवसर निवास अनुमति (Chancen-Aufenthaltserlaubnis) के साथ प्रवासन और शरणार्थियों के संघीय कार्यालय (BAMF) द्वारा चलाए जा रहे एकीकरण पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए भर्ती कराया जा सकता है। आप इस पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट भाषा ज्ञान और जर्मनी में कानूनी और सामाजिक व्यवस्था और रहने की स्थिति का बुनियादी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और प्रासंगिक परीक्षायें दे सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन करना होगा। यदि इस बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आप प्रवासन और शरणार्थियों के संघीय कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। BAMF-NAvI सूचना प्रणाली (https://bamf-navi.bamf.de/de/) की मदद से, कौन सा क्षेत्रीय कार्यालय जिम्मेदार है और कहां एकीकरण पाठ्यक्रम की पेशकश की जाती है, जल्दी और आसानी से पता लगाया जा सकता है। प्रवेश के लिए आवेदन एकीकरण पाठ्यक्रम के प्रदाताओं के माध्यम से भी किया जा सकता है। उन्हें आपको सलाह देने में खुशी होगी और उन्हें संपर्क के प्रारंभिक पायदान के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## 4. बच्चों की विद्यालय में वास्तविक उपस्थिति

जिन बच्चों को निवास का अधिकार प्राप्त होना है, उन्हें अनिवार्य शिक्षा की शुरुआत और समाप्ति के बीच की पूरी अवधि के लिए विद्यालय में उपस्थिति का प्रमाण देना होगा। आप अप्रवासी अधिकारियों को साक्ष्यांकन या प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके इसे साबित कर सकते हैं। एक वास्तविक विद्यालय उपस्थिति केवल तभी दी जाती है जब बच्चा बिना किसी बहाने के विद्यालय वर्ष के दौरान कुछ कम दिनों के लिए कक्षा से अनुपस्थित रहा हो।

## 5. आजीविका की सुरक्षा

आपको या तो मुख्य रूप से लाभकारी रोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका सुरक्षित करनी चाहिए या यह उम्मीद की जानी चाहिए कि पिछली प्रगति के आधार पर भविष्य में आपकी आजीविका पूरी तरह से सुरक्षित रहेगी।

यदि आप अकेले नहीं रहते हैं तो यह जरूरतों के तथाकथित आवश्यक-समुदाय पर निर्भर करता है जिसमें आप रहते हैं। आवश्यक-समुदाय में नियमित रूप से वे लोग शामिल होते हैं जिनके साथ आप रहते हैं और एक साथ काम करते हैं, यानी जो रोज़मर्रा के जीवन का खर्च एक साथ वहन करते हैं। यदि आपके आवश्यक-समुदाय की आय का आधे से अधिक हिस्सा लाभकारी रोजगार से आता है तो आपका निर्वाह मुख्य रूप से लाभकारी रोजगार के माध्यम से सुरक्षित है। आप, या कम से कम आवश्यक-समुदाय, को भी इसके लिए राज्य सहायता प्राप्त किए बिना अपने किराए का भुगतान करने में सक्षम होना चाहिए। आवास भत्ता (Wohngeld) की प्राप्ति अपने आप में इस धारणा की ओर नहीं ले जाती है कि आपकी आजीविका सुरक्षित नहीं है। इसे "हानिरहित" कहा जाता है।

योगदान के आधार पर प्रदान किए जाने वाले लाभ भी जो प्राप्तकर्ताओं - आप या आपके आवश्यक-समुदाय के सदस्यों - ने स्वयं भुगतान किए हैं, इस अर्थ में हानिरहित हैं। इन हानिरहित लाभों में वृद्धावस्था

(Altersrente) या विकलांगता भत्ता (Erwerbsunfähigkeitsrente) या बेरोज़गारी भत्ता (Arbeitslosengeld I) भी शामिल है। संतान भत्ता (Kindergeld) एक कर राहत उपाय (पारिवारिक लाभ समायोजन) (Familienleistungsausgleich) है और इसलिए इसे अर्जित आय के रूप में माना जाता है। अर्थात यह भी हानिरहित है। अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति जैसे किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए रहने को सक्षम करने के लिए भुगतान की गई धनराशि को भी अर्जित आय के रूप में माना जाना चाहिए, अर्थात यह भी हानिरहित है।

अधिकांश सामाजिक लाभ जो योगदान पर आधारित नहीं हैं, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा अधिनियम II (SGB II) ("Bürgergeld"; पूर्व में "Hartz IV") के तहत, निश्चित ही अर्जित आय के रूप में नहीं गिने जाते हैं।

यह मुख्य रूप से संभावित होना चाहिए कि आवश्यक-समुदाय की आजीविका भविष्य में भी सुरक्षित रहेगी। इसे अधिकारी विशेषतः तब मानते हैं जब कोई विशिष्ट कार्य वास्तव में पर्याप्त आय के साथ किया जा रहा है। भविष्य में आजीविका की सुरक्षा की कल्पना इस बात से की जा सकती है कि यदि कोई ठोस नौकरी की पेशकश है या विद्यालय और व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा भाषा और समाज में पिछली एकीकरण उपलब्धियां बताती हैं कि आजीविका सुरक्षित होगी।

कृपया किसी को भी शिष्टाचारवश यह पुष्टि करने की अनुमति न दें कि वह आपको नौकरी की पेशकश कर रहा/ रही हैं जब तक कि वह इसके बारे में गंभीर न हो। यदि आप ऐसी गैर-गंभीर पुष्टि प्रस्तुत करते हैं, तो आपको और पुष्टि जारी करने वाले व्यक्ति को गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

कानून आजीविका सुरक्षा आवश्यकता के लिए कुछ अपवाद प्रदान करता है। यह अपवाद लागू होता है

- राजकीय या राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय के छात्र और मान्यता प्राप्त शिक्षण पेशे में प्रशिक्षार्थी या राजकीय प्रायोजित कौशल विकास तैयारी के उपाय,
- नाबालिग बच्चों वाले परिवार जो अस्थायी रूप से अतिरिक्त सामाजिक लाभों पर निर्भर हैं,
- नाबालिग बच्चों वाले एकल माता-पिता, जिनसे नागरिक भत्ता के नियमों (एसजीबी II) के अनुसार उचित रूप से काम करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, या
- विदेशी जो देखभाल की आवश्यकता वाले अपने करीबी रिश्तेदारों की देखभाल करते हैं,
- विदेशी जो शारीरिक, मानसिक या मनोवैज्ञानिक बीमारी या विकलांगता के कारण अपना जीवन यापन करने में असमर्थ हैं, जिसके लिए एक महत्वपूर्ण, यानी विस्तृत, बीमारी का प्रमाणपत्र या विकलांगता भत्ते का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा, और
- उम्र के कारण, जिसे हमेशा तब माना जाता है जब वृद्धावस्था पेंशन के लिए मानक सेवानिवृत्ति की आयु पूरी हो चुकी होती है।

यदि इस बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आप्रवासन कार्यालय में आपके संपर्क व्यक्ति को आपकी मदद करने में खुशी होगी।

## 6. पासपोर्ट अनिवार्यता की पूर्ति

आपको पासपोर्ट अनिवार्यता को पूरा करना होगा। इसका मतलब यह है कि आपके पास अपने मूल देश का एक वैध और मान्यता प्राप्त पासपोर्ट या पासपोर्ट स्थानापन्न होना चाहिए और आप इसे प्रस्तुत करने में सक्षम होने चाहिए।

एकमात्र अपवाद यह है कि यदि आपके लिए अपने मूल देश से पासपोर्ट या पासपोर्ट स्थानापन्न प्राप्त करना संभव या उचित नहीं था। मूलतः अपने मूल देश के पासपोर्ट देने के नियमों का पालन करना उचित है। यह

खास करके तब लागू होता है जब जर्मन पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए समान स्थिति में जर्मनों को इसी प्रकार की आवश्यकताओं की जरूरत होती।

यह पता लगाना आपका काम है न कि जर्मन अधिकारियों का कि आप अपने मूल देश से पासपोर्ट या पासपोर्ट विकल्प कैसे प्राप्त कर सकते हैं। अपने स्वयं के खर्च पर आवश्यक कागजात और फोटोग्राफ प्राप्त करना और पासपोर्ट या पासपोर्ट विकल्प जारी करने के लिए आवेदन करना भी आपकी जिम्मेदारी है। यदि आप यह साबित कर सकते हैं कि आपको पासपोर्ट प्राप्त करने में उचित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, तो आप कुछ अतिरिक्त शर्तों के अधीन अपने मूल देश के अन्य कागजातों के द्वारा अपनी पहचान और राष्ट्रीयता स्पष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। आवश्यक कदमों पर बातचीत करने के लिए कृपया आप्रवासन कार्यालय में अपने संपर्क व्यक्ति से संपर्क करें।

यदि आपको एक नया पासपोर्ट या पासपोर्ट विकल्प प्राप्त हुआ है, तो आप इसे जल्दी से जल्दी (तत्काल) आप्रवासन अधिकारियों को प्रस्तुत कीजिये चाहे आपको ऐसा करने के लिए नहीं कहा गया हो और आपने इस समय एक और आवास अनुमति (Aufenthaltstitel) के लिए आवेदन नहीं किया हो।

पासपोर्ट की प्रस्तुति के परिणामस्वरूप आपका निवास का अधिकार वापस नहीं लिया जाएगा।

## 7. पहचान का स्पष्टीकरण

निवास अनुमतिपत्र आगे बढ़ाने के लिए आपकी पहचान का स्पष्टीकरण भी अनिवार्य है । इसे केवल असाधारण मामलों में ही और केवल तभी छोड़ा जा सकता है जब आपने अपनी पहचान स्पष्ट करने के लिए हर संभव उचित प्रयास किया हो।

"पहचान" का अर्थ व्यक्तिगत विवरण (खास करके नाम, जन्म तिथि, जन्म स्थान और राष्ट्रीयता) है जिसके द्वारा आप अपने मूल देश के अधिकारियों द्वारा जाने जाते हैं। वह विवरण पर्याप्त नहीं है जिसके द्वारा आप यहां जर्मनी में जाने जाते हैं परन्तु प्रमाणित रूप से अपने मूल देश में नहीं। इन कारणों से, पहचान स्पष्ट करने का सबसे सरल तरीका आपके मूल देश द्वारा नियत प्रक्रिया के बाद जारी किया गया पासपोर्ट है।

यदि आपके लिए अपने मूल देश के पासपोर्ट या कम से कम एक वैकल्पिक पासपोर्ट (जैसे एक अस्थायी पासपोर्ट या एक आपातकालीन पासपोर्ट) से अपनी पहचान स्पष्ट करना संभव नहीं है, तो कृपया यह स्पष्ट करने के लिए आव्रजन कार्यालय में अपने संपर्क व्यक्ति से संपर्क करें कि किस माध्यम से आपकी पहचान का स्पष्टीकरण अभी भी संभव है। आप कौन हैं, इस बारे में निजी व्यक्तियों (दोस्तों, रिश्तेदारों) के बयान आमतौर पर पर्याप्त नहीं होते हैं।

## 8. कोई सुरक्षा चिंता नहीं (तथाकथित निष्कासन हित)

यदि इस बीच तथ्य ज्ञात हो जाते हैं, जो सुरक्षा कारणों से आपके प्रवास की समाप्ति की जांच करने का कारण देते हैं, तो आपको एक और निवास अनुमति देने से भी इंकार किया जा सकता है।

## 9. 27 साल तक की उम्र के व्यक्तियों के लिए विशेष नियम

कुछ विशेष नियम उन लोगों पर लागू होते हैं जिन्हें एक अवसर निवास अधिकार प्राप्त हुआ है और अगले निवास अनुमति के लिए आवेदन करते समय उनकी उम्र 27 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

विशेषतः,अस्थायी रूप से, आजीविका सुरक्षित नहीं होनी चाहिए। हालाँकि, इसके बजाय आप जर्मनी में तीन साल विद्यालय गए होने चाहिए या आपके पास जर्मनी के विद्यालय का या व्यावसायिक योग्यता प्राप्त करने

का प्रमाणपत्र होना चाहिए। इसके अलावा, यह निश्चित होना चाहिए कि आप अपनी पिछली शिक्षा और रहन-सहन की स्थितियों के आधार पर जर्मनी के संघीय गणराज्य की रहन-सहन की स्थितियों के अनुसार ढल सकते हैं, ताकि आप दीर्घ अवधि में अपनी आजीविका का स्वयं प्रबंध कर सकें।

जब तक आप 27 वर्ष से कम आयु के हैं और अभी भी विद्यालय या व्यावसायिक प्रशिक्षण में हैं, तब तक आपकी सुरक्षित आजीविका की आवश्यकता की अनदेखी करी जाती है।

## 10. अन्य जानकारी

[Hier sollten Ausländerbehörden weitere konkrete Informationen zu Anlauf- und Beratungsstellen vor Ort eintragen – vor allem Migrationsberatungsstellen des Bundes und der Länder sowie die Jugendmigrationsdienste, die Personen zwischen 12 und 27 Jahren gezielt beraten.]